# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़–249199

**Sri Dev Suman Uttarakhand University**

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

**Website-http://www.sdsuv.ac.in**

**Ref. No.:** 1306 **/SDSUV/SAMARTH/2024-25** **Dated :**03/06/**2025**

## कार्यालय–ज्ञाप

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अशासकीय महाविद्यालयों व स्ववित्त पोषित शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों/निदेशकों सूचित किया जाता है कि, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन के निर्देशों के क्रम में समस्त छात्रों के परीक्षाफल व अंकतालिकाओं का विवरण दिनांक 10 जून 2025 तक अनिवार्य रुप से नैड/डिजीलॉकर पर अपलोड किया जाना है जिस हेतु समस्त छात्रों की एबीसी/अपार आईडी होनी आवश्यक है। छात्रों का एबीसी/अपार आईडी न होने के कारण या एबीसी व छात्रों के विवरण में विसंगित होने कारण छात्रों को शैक्षणिक डाटा नैड/डिजीलॉकर में अपलोड नहीं हो पा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या **3651/SDSUV/SAMARTH/2024-25** दिनांक 13.12.2024 व **3678** व **3679/SDSUV/SAMARTH/2024-25** दिनांक 21.02.2025 के माध्यम से भी अवगत करवाया गया है किन्तु आतिथि तक भी महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा छात्रों की एबीसी/अपार आईडी नहीं बनवाई गई है या एबीसी आईडी का सत्यापन नहीं किया गया है जिस कारण विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों का शैक्षिणक डाटा नैड/डिजीलॉकर पर अपलोड किया जाना संभव नहीं पा रहा है।

अतः समस्त प्राचार्य/निदेशक उपरोक्तानुसार समस्त छात्रों की एबीसी/अपार आईडी बनाना तथा एबीसी/अपार सत्यापन दिनांक 05 जून 2025 तक आवश्यक रुप से सुनिश्चित करें तथा छात्रों एबीसी/अपार आईडी से सम्बधित विवरण अद्योहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। जिन छात्र/छात्राओं की एबीसी आईडी नही बनी है उनका परीक्षा परिणाम व अंकतालिकाये नैड/डिजीलॉकर पर अपलोड नहीं किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी/जवाबदेही समस्त प्राचार्यों/निदेशकों की होगी।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. नोडल समर्थ, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय।
4. कार्यालय प्रति।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव